## ई-ऑफिस प्रणाली को अपनाने में रूचि नहीं लेने पर कलेक्टर ने की कार्यवाही

# 44 अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन आहरण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सोमवार को समय-सीमा बैठक में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली के क्रियान्वयन में रूचि न प्रदर्शित करने वाले कार्यालय प्रमुखों और अपने अधीनस्थ स्टाफ का ई-मेल आईडी नहीं बनवाने वाले 44 कार्यालय प्रमुखों सहित उनके स्टाफ के मार्च माह के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है। कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को समय-सीमा बैठक में भी कई बार ई-ऑफिस प्रणाली के तहत नस्तियों के निस्तारण व्यवस्था को पुख्ता बनाने सभी कर्मियों के ई-मेल आईडी बनाने के निर्देश दिये थे। इसके बाद भी सुस्त कार्यप्रणाली वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतन पर रोक लगाने की हिदायत देते हुए कलेक्टर ने सभी कर्मियों की ई-मेल आईडी बनवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत व अपर कलेक्टर साधना परस्ते मौजूद रहें।



### इनके वेतन आहरण पर रोक

कलेक्टर श्री यादव ने ई-ऑफिस प्रणाली के लिये कर्मियों के ई-मेल आईडी बनवाने में रूचि नहीं लेने वाले नगर निगम कमिश्नर, आरटीओ, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, सहायक संचालक मत्स्य, कार्यपालन यंत्री आरईएस, मध्यप्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम, एमपी आरआरडीए, सीएमएचओ, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, परियोजना अधिकारी आत्मा, सिविल सर्जन, सहित सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड, जिला खेल अधिकारी सहित कैमोर, बरही व विजयराघवगढ़ के मुख्य नगरपालिका अधिकारी और सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के माह मार्च के वेतन आहरण पर रोक लगा दिया है। साथ ही निर्देशित किया है कि सभी कार्यालय प्रमुख स्वयं और अपने अधीनस्थ स्टाफ की ई-मेल आईडी हर हाल में तैयार कराना सुनिश्चित करें।

### प्रकरणों का करायें निपटारा

कलेक्टर श्री यादव ने ऐसे आवेदन जिनका पीएम आवास मंजूर हो चुका है, लेकिन जमीन न होने की वजह से आवास निर्माण का कार्य शुरू नहीं हुआ है ऐसे सभी मामलों को जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निराकरण हेतु निर्देश दिया। साथ ही नामांतरण-बंटवारे से संबंधित राजस्व के प्रकरण जिनका आदेश हो चुका है। लेकिन आदेश अमल में नहीं लाया गया है उन को भी शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए तथा जिन प्रकरणों में गलत व्यक्तियों के नाम चढ़ गये हैं उन को भी पटवारियों द्वारा सही कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने समय-सीमा बैठक में 15 जिलों क्रमशरू कटनी, अनूपपुर, बालाघाट, डिण्डोरी, जबलपुर, मंडला, मऊगंज, मैहर, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया के युवाओं के लिये कटनी जिले में 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर के बीच आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की और विभागों से संबंधित अधिकारियों को रैली से संबंधित दायित्वों को सजगता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।

### ठेकेदारों को करें ब्लैक लिस्ट

कलेक्टर श्री यादव ने समय-सीमा बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की जलजीवन मिशन की बैठक में जल प्रदाय योजनाओं की कम प्रगति वाली योजनाओं में कार्य की धीमी गति के लिये दोषी ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने और उनके ठेके के कार्य को टर्मिनेट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कम प्रगति वाले कार्यों की पीएचई और आरईएस के सहायक यंत्री संयुक्त रूप से मूल्यांकन करें। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि पूर्ण हो चुकी जल प्रदाय योजनाओं के पंचायतों के हस्तांतरण के कार्य में भी तेजी लायी जाए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान योजना और सभी वर्गों की छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

### सौर ऊर्जा से रोशन होगें दफ्तर

समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव ने शासकीय भवनों में लग रहे प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत सोलर रूफटॉप यूनिट स्थापित करवाने के निर्देश दिए। ताकि वैकल्पिक ऊर्जा का उपयोग कर बिजली की खपत को कम किया जा सके। प्रारंभिक तौर पर अभी जिले के 32 शासकीय कार्यालयों का चयन किया गया है जो जल्द ही सौर ऊर्जा से रोशन होंगें।

इस दौरान सभी एस.डी.एम, सभी तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित, जिला पंजीयक पंकज कोरी, सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 27 को

**कटनी।** जिले में युवाओं को युवा संगम एसओपी के अनुसार प्रतिमाह के तृतीय सोमवार को कार्यालय अंतर्गत रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के लिए रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाना है। इस हेतु कैलेण्डर जारी करते हुए जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि माह मार्च 2025 युवा संगम आयोजन तिथि 27 मार्च को पॉलीटेक्निक महाविद्यालय कटनी में किया गया है। आयोजन की व्यवस्था प्राचार्य, पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, कटनी द्वारा की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत ने बताया कि विभिन्न प्रकार की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी, युवाओं को अप्रेंटिसशिप कार्यालय अंतर्गत प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जायेगा तथा स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदाता शासकीय विभागों द्वारा ऋण संबंधी जानकारी प्रदान की जा कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। इसलिए निर्धारित तिथि एवं स्थान के अनुसार ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, नगरीय निकाय स्तर पर मुनादी एवं पम्पलेट, विद्यालय, महाविद्यालयों के सूचना पटल, आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार करवाने का दायित्व सौंपा गया है।

### आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को

**कटनी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर और आदर्श आवासीय विद्यालय की कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा 30 मार्च 2025 को होगी। प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

### व्याख्यान और संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**ढीमरखेड़ा।** शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में सोमवार को संविधान का अमृत महोत्सव के अंतर्गत व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ.कृष्ण कुमार नागवंशी ने संविधान की मूलभूत बातों को जन जन तक पहुँचाना कार्यक्रम का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान के आधारभूत तथ्यों से भिज्ञ होना चाहिए।आज की युवा पीढ़ी संविधान में वर्णित कर्तव्यों और अधिकारों से विमुख होते जा रही है।जिसका एकमात्र कारण संविधान की अभिज्ञता हैं।मुख्य वक्ता प्राचार्य रजनीश कुशवाहा ने विद्यार्थियों को संविधान की आवश्यकता एवं महत्व को बताया। डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान,संविधान की उद्देशिका,मूल अधिकारों, मूल कर्तव्यों और राज्य के नीति निर्देशक तत्वों, निर्वाचन, सरकार का गठन, राज्य का गठन सहित अन्य प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई है।



## टोपी गांव की जोड़ी बिजली, मिली राहत

**उमरियापान।** घुघरा ग्राम पंचायत के टोपी गांव में एक सप्ताह से बंद पड़ी बिजली सोमवार को चालू कर दी गई। हरिभूमि में 23 मार्च को प्रमुखता से प्रकाशित खबर के बाद सोमवार की शाम को बिजली विभाग के कर्मचारी पहुँचे और कटी हुई बिजली को जोड़ा। जिससे टोपी गांव में बिजली पहुंची। बिजली आने के बाद ग्रामीणों को राहत मिली। गांव में अंधेरे की समस्या से मुक्ति मिलने के साथ ही पेयजल संबंधी परेशानियों से भी राहत मिली। ग्रामीणों ने बिजली आने के बाद खेतों में लगे नलकूपों से पानी भरना शुरू किया। दरअसल टोपी गांव में कुछ लोगों के बिजली बिल बकाया होने की स्थिति पर बिजली विभाग के अधिकारी एक सप्ताह पहले गांव की बिजली काट दिया। गांव में बिजली न होने से ग्रामीणों को पानी के सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ा। हरिभूमि ने ग्रामीणों को समस्या को उजागर किया तो शाम को में गांव में बिजली पहुँच गई। ग्रामीणों को पानी भी मिलने लगा।

**राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा प्रशिक्षित**

## पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के तहत कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के समस्त 07 विकासखण्डों में ₹पोषण भी पढाई भी₹ का प्रशिक्षण समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु बाल विकास परियोजना स्तर पर सोमवार 24 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।



इस क्रम में सोमवार को प्रशिक्षण सत्र का प्रथम बैच का शुभारंभ 07 परियोजनाओं में किया गया जिसमें कुल 07 बैचों में 700 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को चयनित किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं कोर्स डायरेक्टर परियोजना अधिकारियों को बनाया गया है। जिनके संरक्षण एवं निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। समस्त कार्यकर्ताओं को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स पर्यवेक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि भारत सरकार द्वारा 0 से 3 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन एवं 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के सुदृढ़ीकरण हेतु पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का शुभारंश दिनांक 10 मई 2023 को किया गया था। ₹पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम सक्षम आंगनवाडी एवं निशन पोषण 2.0 के तहत एक कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत क्षमता संवर्धन के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं में ईसीसीई पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विकास के आयामों (शारीरिक और मोटर, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक नैतिक, सांस्कृतिक कलात्मक और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता) के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में खम्हरिया की टीम बनी विजेता



खम्हरिया के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भुड़सा और खम्हरिया टीम के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भुडसा के खिलाड़ियों ने 12ओवरों में 7 विकेट खोकर 109 रनों के स्कोर खड़ा किया।लक्ष्य का पीछे करने उतरी खम्हरिया की टीम 12वें ओवर में ही 9 विकेट खोकर इस मैच को जीत लिया।इस दौरान विजेता और उपविजेता टीम को अतिथियों ने पुरूस्कृत किया। इस मौके पर कार्यक्रम अध्यक्ष विनोद गौतम,सरपंच कमलेश सिंह मार्को, शारदा प्रसाद महोबिया,राजकुमार आदिवासी,सुशील गौतम भोलेराम गौतम,वीरेंद्र प्यासी,संतोष गुप्ता,जयकुमार महोबिया, आशीष साहू, सुनील सिंह,संतोष बरकड़े,सरल गुप्ता, लाल महोबिया, कान्हा गुप्ता सहित खेल प्रेमियों की उपस्थिति रही।

## बारिश एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का विधायक ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

बारिश और ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसानी का जायजा लेने के सोमवार को विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह खेतों में पहुँचे। उमरियापान के कुदवारी हार में विधायक ने किसान प्रमोद असाटी, मुकेश बर्मन,विनोद श्रीवास,रवि शर्मा सहित अन्य किसानों के खेतों का निरीक्षण किया। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को ढीमरखेड़ा-उमरियापान क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की गेहूं की फसलों को नुकसान पहुंचा है।



किसानों ने विधायक को बताया कि अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसलें जमीन पर गिरकर खराब हो गई है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है।किसानों ने अपनी समस्या बताते हुए विधायक से उचित मुआवजा दिलवाने की मांग की।हालांकि विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि हताश और परेशान होने की जरूरत नहीं है। हम सरकार और प्रशासन से बात करेंगे।

इस दौरान जिला मंत्री विजय दुबे, मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया, तातू चौरसिया, योगेंद्र सिंह, जयपाल सिंह, दिनेश गुप्ता, धन्य कुमार लोधी सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

**सिंधू नौजवान मंडल द्वारा चेट्रीचंड महोत्सव के तहत किया आयोजन**

## भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकली वॉकाथन रैली में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सिंधु नौजवान मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सिंधी फैमिली वॉकाथान का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वॉकाथन रैली कटनी नई बस्ती स्थित सिंधु नौजवान मंडल द्वारा नवनिर्मित भवन सिंधु झूलेलाल मंगलम से प्रारंभ होकर वरुण भवन, नई बस्ती, गर्ग चौराहा, हीरागंज पेट्रोल पंप होते हुए झूलेलाल मंदिर गुरु नानक वार्ड में संपन्न हुई।



कार्यक्रम की शुरुआत डीजे फ्लोरिक के म्यूजिक से हुआ जिसमें लोगों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वॉकाथन में शामिल होने को लेकर बच्चों में भी उत्साह देखने को मिला छोटे-छोटे बच्चे भी नाचते गाते स्केटिंग करते दिखे। कार्यक्रम के दौरान पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत, सिंधु सेवा समिति,वरुण संस्था, आदर्श सिंधु सोसायटी,झूलेलाल सेवा मंडल माधवनगर,वरुण महिला मंडल,सिंधी काउंसिल कटनी,सिंध क्वींस जागृति पार्क वाक ग्रुप,सिंधी भावर ग्रुप, द्वारका सिटी सिंधी सोसायटी के पदाधिकारी व सदस्यगण भी भारी संख्या में मौजूद रहे सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान श्री झूलेलाल जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आगामी कार्यक्रमों की श्रृंखला में 26 मार्च को चकरभाटा के संत पूज्य लाल दास साहब जी का सत्संग रात्रि 8:00 बजे,27 मार्च मेघावी छात्राओं का सम्मान व बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रात्रि 8:00 बजे,28 मार्च को राजस्थान के गायक गिरीश कृपलानी व दिल्ली की मशहूर गायीका इना लखमानी के संगीमय कार्यक्रम का आयोजन रात्रि 8:00 बजे नई बस्ती स्थित चड्डा कॉलेज कैंपस में किया गया है इसी क्रम में 29 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 12 बजे सिंधु झूलेलाल मंगलम में किया गया है।

30 मार्च को चेट्रीचंड्र के पावन अवसर पर सुबह 8 बजे 121 बहराणां साहब सामूहिक पूजा के पश्चात शाम 5 बजे भव्य शाही शोभायात्रा झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई मसुरहा घाट में संपन्न होगी सिंधु नौजवान मंडल के पदाधिकारीयों ने माताओं-बहनों से समस्त कार्यक्रमों में शामिल होने की अपील की है।

## जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को सौंपे व्यवस्थाओं के दायित्व

# पॉलीट्रेक्निक महाविद्यालय में जिला स्तरीय रोजगार मेला 27 मार्च को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के दिलीप यादव कटनी के निर्देशानुसार युवा संगम के अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन गुरुवार 27 मार्च को शासकीय पॉलीट्रेक्निक महाविद्यालय कटनी में प्रातः 11.00 बजे से शाम 05 बजे तक किया जाना है। इस आयोजन के सफल क्रियान्वयन हेतु श्री शिशिर गेमावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारियों को कार्य सौंपे गये हैं।

सौंपे गये दायित्व के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, कटनी को मेला स्थल पर कानून व्यवस्था, प्राचार्य, शासकीय, पालिटेक्निक महाविधालय कटनी को सहायक नोडल अधिकारी, कार्यक्रम स्थल पर आवश्यकतानुसार टेंट मंच, माईक टेबल, कुर्सी आदि की व्यवस्था एवं अप्रेंटिसशिप कंपनी को बुलाना एवं उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करना । रोजगार सेवा प्रचार-प्रसार करवाना एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जिले की समस्त शासकीय आई.टी.आई. प्राईवेट आई.ओ.आई.एवं एनआर एलएम को वितरण हेतु सामग्री उपलब्ध कर जनप्रतिनिधियों को आंमत्रित करना एवं एवं अन्य व्यवस्था करना, मेले की व्यवस्था हेत कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुये उनके पृथक से आदेश जारी कर कार्यक्रम को सुचारु रूप से आयोजित करने के निर्देश दिये गये।

इसी प्रकार प्राचार्य, शासकीय आई.टी.आई. कटनी सहायक नोडल अधिकारी द्वारा मेला का प्रचार-प्रसार करना एवं मेले में अधिक से अधिक छात्रों को जानकारी प्रदाय कर मेले स्थल पर भेजना । जिससे मेले में विभागीय, योजना से जानकारी प्राप्त कर एवं कंपनियों की पदों की रिक्तियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकें ।

वहीं महाप्रबंधक, जिला व्यापार उद्योग केन्द्र कटनी को सहायक नोडल अधिकारी रोजगार से संबंधित विभागों के मेला स्थल पर स्टॉल लगवा कर आवेदकों को उनके स्वीकृति प्रकरणों में वितरण करवाना एवं स्वरोजगार से संबंधित जानकारी आवेदकों की उपलब्ध कराना एवं वितरित किये गये आवेदकों की सूची विभागवार तैयार कराकर नोडल अधिकारी को सौपना एवं मेले की व्यवस्था हेतु कम से कम 5-10 कर्मचारियों की डयूटी लगाने का निर्देश दिया।

जिला रोजगार अधिकारी, कटनी को शिशिर गेमावत ने राज्य स्तर की कंपनियों एवं स्थानीय कंपनियों से सम्पर्क कर उन्हें आमंत्रित करने, सहमति प्राप्त करने एवं पद से संबंधित जानकारी का संकलन करने का दायत्वि दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कटनी को मेला स्थल में आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने, मुख्य नगर पालिका निगम, कटनी को मेला आयोजन स्थल की साफ सफाई, चूना की लाइन एवं शुद्ध पेयजल व्यवस्था, स्वचलित शौचालय की व्यवस्था एवं अग्निशामक वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देष दिया।

इसी प्रकार कार्यपालन यंत्री, एम. पी.ई.पी. कटनी को रोजगार मेला स्थल पर रोजगार मेले के संपादित होने तक विद्युत व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। प्राचार्य, तिलक महाविधालय, कटनी को जिले में स्थित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय को अपने स्तर से पत्र भेजकर मेले में प्रचार-प्रसार कराना एवं मेले में आमंत्रित करना, जिला शिक्षा अधिकारी, कटनी रोजगार मेला का प्रचार-प्रसार करवाना तथा मेला स्थल पर 10 स्काउट गाईड की ड्यूटी हेतु निर्देश दिया गया।

परियोजना अधिकारी, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत को कम से कम 10 कर्मचारियों का पृथक से आदेश नोडल अधिकारी से जारी कराना एवं मेला में उपस्थित समस्त युवक, युवतियों को पंजीयन करना एवं अपने स्तर से कंपनियों को आमंत्रित करना रोजगार कार्यालय से समन्वय स्थापित कर कंपनियों के प्रतिनिधियों का सहयोग करना।

## कथित प्रेमी युवक-युवती ने दी जान रेलवे ट्रैक पर क्षत-विक्षत मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला थाना क्षेत्र के कटनी- सतना रेलखंड के नयागांव के पास सोमवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर युवक-युवती के शव पड़े मिले। रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक-युवती पुरैनी के रहने वाले बताए गए हैं। दोनों साहू समाज के हैं और प्रेमी युगल बताए जा रहे हैं।




पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह कटनी- सतना रेलखंड के नयागांव के पास रेलवे ट्रैक पर रेलवे कर्मचारी ने एक युवक व युवती का शव पटरी पर पड़ा देखा। जिसकी सूचना कुठला पुलिस को दी गई।

घटना की जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिए और उनकी आसपास के लोगों से पहचान कराई जिसमें युवक की पहचान मुकेश साहू पिता रामप्रसाद साहू 27 साल निवासी पुरैनी और युवती की पहचान मालती साहू पिता गणेश साहू 23 साल के रूप में हुई।

बताया जाता है कि मुकेश की शादी पहले टिकुरिया गांव में हुई थी और उसकी पहली पत्नी की कुछ समय पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद उसका युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन परिवार के लोग दोनों के संबंध को लेकर राजी नहीं थे। आशंका है कि दोनों ने इसी बात को लेकर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब 11 बजे एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना कटनी-विजयराघवगढ़ रोड पर चाका स्थित हनुमान मंदिर के पास हुई। अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में कन्हवारा निवासी आनंद लोधी (26) और राजा यादव (35) घायल हो गए। दोनों को तत्काल 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। हादसे के वक्त दोनों युवक कटनी से अपने गांव कन्हवारा जा रहे थे। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वाहन और चालक की तलाश जारी है। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान आनंद लोधी ने दम तोड़ दिया। जबकि राजा यादव का इलाज जारी है। सोमवार सुबह पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया। पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया।

### तीन सालों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश पाण्डेय ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम करहिया कला में मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी जो तीन वर्ष से फरार स्थायी वारंटी अनिल नरगडिया पिता सिद्धा नरगडिया 34 वर्ष को घेराबंदी कर पकड़ा। स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया । उक्त स्थायी वारंटी को पकड़ने में थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेंद्र मिश्रा, चौकी प्रभारी बिलहरी सुयश सुयश पाण्डेय ,प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र यादव, प्रधान आरक्षक भरत विश्वकर्मा, आरक्षक सौरभ जैन, संदीप भलावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### अग्निवीर भर्ती योजना में 10 अप्रैल तक कर सकते हैं आवेदन

**कटनी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में अग्नि वीरों की भर्ती के रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। अग्निपथ भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 10 अप्रैल है। अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा शुल्क के तौर पर 250 रुपये का भुगतान किया जाना है। भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए अग्नि वीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में लिखित परीक्षा तथा द्वितीय चरण में फिजिकल फिटनेस टेस्ट एवं तृतीय चरण में मेडिकल परीक्षण का आयोजन किया जाएगा। भारतीय सेना की अग्निपथ योजना देश के युवाओं को एक सम्मानजनक और साहसिक करियर का अवसर प्रदान करती है। यह योजना 17.5 से 21 वर्ष के युवाओं के लिए एक सुनहरा मौका है, जहाँ उन्हें अनुशासन, युद्ध कौशल और आत्मनिर्भरता की कठोर ट्रेनिंग दी जाती है। सफल उम्मीदवार न केवल भारतीय सेना का गौरव बनते हैं, बल्कि अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव भी मजबूत करते हैं। ऐसे आवेदक जिनके अंदर देश सेवा का जज्बा है और एक गौरवशाली जीवन जीने की इच्छा रखते हैं, तो अग्निवीर भर्ती में आवेदन कर सकते है।

### शासकीय स्कूलों में छात्रों के प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय स्कूलों में प्रवेष प्रारंभ हो चुकें हैं नया शिक्षा सत्र शुरू होने वाला है। डी.ई.ओ. ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अपने बच्चों को सर्व सुविधायुक्त सरकारी स्कूलों में ही प्रवेष दिलवायें। डी.ई.ओ. पी.पी. सिंह ने कहा कि हमें बच्चों को सरकारी स्कूलों में प्रवेश इसलिए दिलाना चाहिए क्योंकि शासकीय विद्यालयों में अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षक प्रतिक्षित एवं अनुभवी होने के साथ-साथ अपने विषय में दक्ष होते हैं। साथ ही बच्चों की शिक्षा के दौरान आप भारीभरकम फीस देने से बच जाते हैं क्योंकि यहाँ संपूर्ण षिक्षा मुफ्त होती है। शासकीय विद्यालयों में बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए गतिविधि आधारित शिक्षण, कमजोर छात्र-छात्राओं पर विशेष ध्यान, निःषुल्क यूनिफार्म, पुस्तकें एवं साइकिलें, प्रदान करने व्यवस्था की जाती है।

---

### न्याय निणायिक अधिकारी ने तीन व्यक्तियों पर लगाया 45 हजार रुपये का जुर्माना

# खाद्य पदार्थों में चल रहा मिलावटखोरी का खेल, लोगों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी का खेल लंबे समय से चल रहा है। अपनी जेबे भरने के लिए कारोबारी लोगों की सेहत को दांव पर लगा रहे हैं। प्रशासनिक कार्यवाही समय समय पर की जाती है जिसमें खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे जाते हैं। हालांकि इस प्रक्रिया में काफी समय लगता है। जांच में नमूने अमानक पाये जाने के बाद प्रशासनिक स्तर पर कार्यवाही महज जुर्माना लगाने तक ही सीमित रहती है। कड़ी कार्यवाही नहीं होने के चलते ही मिलावट खोरी का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से कई तरह की शारीरिक व्याधियों का खामियाजा उपभोक्ताओं को उठाना पड़ता है। सतत और सख्त कार्यवाही नहीं होने से मिलावटखोरों के हौसले बुलंद है।

### प्रशासन ने लगाया जुर्माना

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ गोल्ड स्टार लूज ब्रेड का संग्रहण एवं विक्रय पर दोष सिद्ध होने के बाद में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते ने तीन व्यक्तियो पर 15 - 15 हजार रुपये को मिलाकर कुल 45 हजार रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश चंद मीना कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पश्चिम मध्य रेल्वे जबलपुर द्वारा प्रस्तुत परिवाद अनुसार 9 मई 2022 को कार्यवाही के दौरान श्रीराम विशाल कुशवाहा पुत्र वेद प्रकाश कुशवाहा वैंडर जीएमयू, केएमयू, केएमजेड सी.एस.2 प्लेटफार्म नंबर 1 रेल्वे स्टेशन मुड़वारा का निरीक्षण किया गया।

### जांच नमूना निकला मिथ्याछाप

निरीक्षण के दौरान अनावेदक रामविशाल कुशवाहा वेंडर गोल्ड स्टार लूज ब्रेड की ब्रिकी आम जन को करते पाए गए। ब्रेड की गुणवत्ता में शंका होने पर गवाहों के समक्ष नियमानुसार कार्यवाही की जाकर नमूना लिया गया तथा पंचनामा बनाया गया। वेंडर श्री राम विशाल कुशवाहा सूचना पत्र के माध्यम से संग्रह किये गए नमूने के चौथे भाग की जांच प्रयोगशाला से कराये जाने हेतु सूचित किये जाने पर कोई जवाब नहीं दिये जाने पर ब्रेड के खरीदने के स्थल, बिल, बीजक, कैश मेमो एवं इनवाईस आदि की मांग की गई जिसे प्रस्तुत नहीं किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी को अभिहित अधिकारी पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा भोपाल से प्राप्त जांच रिपोर्ट 21 जून 2022 द्वारा गोल्ड स्टार लूज ब्रेड का नमूना मिथ्याछाप होने की जानकारी दिये जाने पर प्रकरण न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष निर्णयन हेतु आवेदन फाइल करनें हेतु अधिकृत किया गया। प्रकरण में मिथ्याछाप खाद्य पदार्थ का विक्रय करने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम एवं मानक अधिनियम की धारा 52 का उल्लंघन पाये जाने पर जुर्मानें से दंडित किये जाने का अनुरोध किया गया।

### इन पर गई कार्यवाही

प्रकरण मे सुनवाई के दौरान अनावेदक द्वारा सेंपल मिथ्याछाप होनें की बात स्वीकार करते हुए यह गलती जानबूझकर नहीं किये जानें तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं किये जानें का अनुरोध किया गया। प्रकरण में गोल्ड स्टार लूज ब्रेड का नमूना मिथ्याछाप पाये जाने पर रामविशाल कुशवाहा पुत्र वेद प्रकाश कुशवाहा वेंडर निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड मूंगाबाई कॉलोनी कटनी सहित मैसर्स संजीव कुशवाहा पिता शंभू दयाल कुशवाहा प्रोपराईटर एवं लाईसेंसी रेल्वे स्टेशन कटनी मुड़वारा निवासी शिवाजी नगर गली नंबर 17 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड एवं निर्माता राजेश थारवानी जनगुरू फूड इंडस्ट्रीज पलॉट नंबर 69 ए चोरहटा, रीवा निवासी वार्ड क्रमांक 18 मार्तण्ड स्कूल रोड ताला हाउस के पास रीवा को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के तहत दोषी पाए जाने पर दंड का भागीदार पाये जाने पर तीनों को 15-15 हजार रूपये कुल 45 हजार रूपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया।

अधिरोपित शास्ति की राशि एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से ऑनलाइन चालान द्वारा खाद्य एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत करना होगी। अधिरोपित शास्ति की राशि 30 दिवस में जमा की जाये। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 96 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

---



# आयोजन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं कराने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें हिन्दु नववर्ष एवं भगवान श्री झूलेलाल के जन्मोत्सव, चेट्रीचन्ड्र के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम का स्थल निरीक्षण कर संबंधितों को दिए आवश्यक निर्देश । यह पर्व नववर्ष की शुरुआत का प्रतीक माना जाता है, साथ ही भगवान झूलेलाल, जिन्हें जल और ज्योति का अवतार माना जाता है, के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है । चेट्रीचन्ड्र सिंधी समुदाय का एक महत्वपूर्ण पर्व है, इस पर्व पर शोभायात्रा निकालने के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर सिंधु नवजवान मंडल के पदाधिकारियों से कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत चर्चा कर जानकारी ली । श्री पाठक नें स्थल से ही संबंधित विभाग प्रमुखों सें दूरभाष पर चर्चा कर आयोजन के पूर्व समुचित आवश्यक व्यवस्थाए समय पर पूर्ण कराते हुए अवगत कराने हेतु निर्देशित किया । निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व आयोजन परिसर एवं आस पास के क्षेत्र में साफ-सफाई ,कार्यक्रम पहुच मार्ग में चूने की लाईन,कीटनाशक दवाईयों का छिडकाव, प्रकाश व्यवस्था कार्यक्रम में पहुचने वाले श्रद्धालुओं हेतु पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की बात कही । श्री पाठक नें क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक से चर्चा करते हुए कहा है कि साफ सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो इस बात का ध्यान रखते हुए दोनो पाली की सफाई व्यवस्था अपनी उपस्थिति में कराते हुए प्रतिदिन अवगत करानें हेतु निर्देर्शित किया है । साथ ही नववर्ष एवं भगवान झूलेलाल जी के जन्मोत्सव,चेट्रीचन्ड्र की सभी नगरवासियों को शुभकामनाए एवं बधाई प्रेषित की है ।

---

*डीईओ सहित अन्य अधिकारियों ने किया केन्द्रों का निरीक्षण*

# 81 केन्द्रों में 4743 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा, 80 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सोमवार को हायर सेकेण्डरी की कक्षा 12वीं के राजनीति शास्त्र विषय की परीक्षा जिले के 81 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई। आयोजित परीक्षा के दौरान दर्ज 4 हजार 823 विद्यार्थियों में से 4 हजार 743 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान 80 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।



जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी.सिंह द्वारा परीक्षा के दौरान कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल जोबीकला, कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल विजयराघवगढ़, कन्या हायर सेकेन्ड्री स्कूल बरहटा, एवं कटनी के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। वहीं परीक्षा के दौरान सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन एवं प्राचार्य आलोक पाठक के दल द्वारा परीक्षा केन्द्र देवगांव, उत्कृष्ट स्कूल रीठी, हरद्वारा एवं नैगवां स्कूल के परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

सोमवार को आयोजित परीक्षा में नकल का प्रकरण किसी भी परीक्षा केन्द्र में दर्ज नहीं हुआ। सभी परीक्षा केंद्रों मे परीक्षा व्यवस्था एवं मंडल बोर्ड के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पाई गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। वहीं परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्न पत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केंद्रों तक ले जाने व परीक्षा केंद्र में मोबाइल एप के माध्यम से किए जाने वाले कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा समय पर सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल को भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

---

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण



जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिँह के नेतृत्व मे 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए ईसीसीई हेतु नेशनल करिकुलम 2024 आधारशिला एवं 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन के लिए पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर आधारित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जनपद उपाध्यक्ष राम सेवक दुबे, हर्ष द्विवेदी, सरपंच श्रीमती सुनैना बाई तेकाम, सचिव रणजीत सिँह, परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू के द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत बड़वारा में शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 29 मार्च तक दो बैच में किया जा रहा है इस प्रशिक्षण मे मास्टर ट्रेनर श्रीमती रेशमा परवीन, अर्पिता प्यासी, केशव मिश्रा, ब्लॉक समन्वयक रजनीश बड़गैया आदि के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्य में क्षमता वर्धन कर उनके कौशलों का विकास किया जा रहा है यह प्रशिक्षण दो बैच में किया जा रहा है 100 कार्यकर्ताओं का बैच अलग-अलग बनाया गया है। प्रथम बेस्ट 24 से 26 मार्च तक एवं द्वितीय वेच 27 से 29 मार्च तक किया जायेगा।

---

# 13 लाख से बनने वाली सीसी सड़क का महापौर ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम सीमान्तर्गत राजीव गांधी वार्ड स्थित आबकारी मोहल्ले के नागरिकों का आवागमन सुलभ बनाने के लिए वार्ड में लगभग 13 लाख की धनराशि से सी.सी सड़क बनने जा रही है,जिसका महापौर प्रीति संजीव सूरी ने स्थानीय पार्षद प्रेमवती डब्बू रजक की उपस्थिति में वार्ड नागरिक निधि तनु चौधरी से विधिवत भूमि पूजन कराया गया।



भूमिपूजन के अवसर पर स्थानीय जनों द्वारा महापौर सहित सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया साथ ही शहर में निरंतर हो रहे विकास कार्यों हेतु धन्यवाद दिया।

पानी की समस्या का होगा निराकरण,महापौर ने दिया आश्वासन

भूमिपूजन पश्चात महापौर सूरी ने स्थानीय जनों से सीधा संवाद करते हुए वार्ड में साफ-सफाई,पेयजल इत्यादि की जानकारी लेकर उनकी समस्याओं को सुना,जिस पर स्थानीय जनों द्वारा पाइपलाइन नहीं होने के कारण पानी की समस्याओं से अवगत कराया,वार्ड वासियों की पानी की समस्या को प्राथमिकता देते हुए महापौर ने अधिकारियों को पाइप लाइन डालने के निर्देश दिए साथ ही स्थानीय जनों को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही उनकी समस्या का निराकरण किया जाएगा।

---

*पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 31 तक भरे जाएंगे आवेदन*

# युवाओं को मिलेगा देश की 500 टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर आया है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 2024-25 के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत, चुने गए उम्मीदवारों को देश की टॉप कंपनियों में इंटर्नशिप करने का मौका मिलेगा। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने संबंधित अधिकारियों को इस योजना में जिले के अधिक से अधिक युवाओं का पंजीयन कराने के निर्देश दिए हैं।

### अनुभव प्राप्त करने में मदद

इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारत की 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान कर रोजगार परक बनाना है तथा युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक जीवन के व्यावसायिक वातावरण से अवगत कराना है, जिससे उन्हें व्यवहारिक कौशल एवं कार्य अनुभव प्राप्त करने में मदद मिले। इसके लिए आवेदन किए जानें की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 कर दी गई है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए पात्रता

इस योजना में आवेदन के लिए युवाओं की आयु 21 से 24 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके लिए 10वीं पास वह युवा आवेदन कर सकते हैं जो किसी पूर्णकालिक रोजगार या शिक्षा में संलग्न नहीं हैं। ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अध्ययन करने वाले युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए पात्र हैं। जिन उम्मीदवारों के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक है, वे इस इंटर्नशिप के लिए पात्र नहीं हैं। यदि परिवार का कोई सदस्य स्थायी सरकारी सेवा में है, तो ऐसे परिवार का कोई भी युवा पात्र नहीं है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के लिए कैसे करें आवेदन

इस योजना में आवेदन के लिए आधिकारिक वेबसाइट pminternship.mca.gov.in पर जाएं। दूसरे चरण में होम पेज पर दिए गए रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। तीसरे चरण में अपना मोबाइल नंबर डालकर रजिस्टर करें। चौथे चरण में उम्मीदवार आवेदन पत्र के साथ जरूरी दस्तावेज अपलोड करें। पांचवें चरण में आवेदन पत्र की जांच कर उसे सबमिट करें और अंत में भविष्य के लिए आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लें। युवा योजना संबंधी अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800116090 और पंजीयन में सहायता के लिये निकटतम शासकीय इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक या आईटीआई से संपर्क कर सकते हैं।

### अभ्यर्थी को 5 हजार महीने मिलेगा स्टाइपेंड

पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के तहत अभ्यर्थी को 5,000 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड मिलेगा। इसके अलावा अभ्यर्थी को 6,000 रुपये की एकमुश्त धनराशि दी जाएगी। इंटर्नशिप की अवधि 12 माह की होगी।

---

### महाविद्यालय बरही में विश्व जल दिवस पर आयोजित हुई कार्यशाला

# जल ही जीवन है, विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित ईको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विश्व जल दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।



### जल के बिना जीवन संभव नहीं

कार्यशाला में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जल सबसे महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि हमें दिनचर्या के सभी कार्यों को पूर्ण करने के लिये कही न कही जल की आवश्यकता होती है धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाये रखने के लिये जल का संरक्षण और उसका बचाव बहुत आवश्यक है क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है। हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद और प्रदूषित नहीं करना चाहिये तथा लोगों को जल संरक्षण और जल बचाने को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करना चाहिए। डॉ. मंजू लता साहू ने कहा कि दैनिक जरुरतों से ज्यादा पानी लोग बर्बाद कर रहें हैं, हम सभी को जल के महत्व और भविष्य में जल की कमी से संबंधित समस्याओं को समझना चाहिये, हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद नहीं करने के साथ ही जल संरक्षण बढ़ावा देना चाहिए। डॉ. सुनीता सिंह ने बताया कि ब्रह्माण्ड में पृथ्वी पर अपवाद के रुप में जीवन पाया जाता है क्योंकि केवल पृथ्वी पर ही जल पाया जाता है जिसके बिना जीवन संभव नहीं है। डॉ रश्मि त्रिपाठी ने सभी से अपनी जरूरतों के अनुसार ही पानी का प्रयोग करने का आग्रह किया साथ ही सभी से जल संरक्षण की मुहिम को सफल बनाने में सहयोग की अपील की।

### जल संरक्षण सभी की जिम्मेदारी

प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने बताया कि जल संरक्षण से जुड़ा हर प्रयास हमारे कल से जुड़ा है इसमें पूरे समाज की जिम्मेदारी होती है, सदियों से अलग-अलग समाज अलग अलग प्रयास करते आए हैं, जल पृथ्वी का सर्वाधिक मूल्यवान संसाधन है और हमें न केवल अपने लिये इसकी रक्षा करनी है बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिये भी इसे बचा कर रखना है। अंत मे प्राचार्य ने उपस्थित स्टॉफ के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए शपथ दिलाकर जल संरक्षण के लिये प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सुश्री प्रियंका तोमर द्वारा किया गया। कार्यशाला में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, इको क्लब प्रभारी एवं रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ रश्मि त्रिपाठी एवं डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, श्री मनीष मिश्रा, श्री पवन दुबे, श्रीमती अनीता सिंह, संतोषी तिवारी, सौरभ सिंह,आशीष तिवारी तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रा. से. यो. स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी आदि उपस्थित रहे।

---

# मासांत तक जमा कराएं टैक्स नहीं चुकानी होगी दुगनी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम में 31 मार्च तक प्रापर्टी टैक्स जमा कराने की अपील की गईई। मासांत के बाद स्वयं के उपयोग वाली संपत्ति पर दोगुनी राशि चुकानी पड़ेगी। नगर निगम में प्रॉपर्टी टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट मिलेगी। यह छूट 31 मार्च तक रहेगी, लेकिन इसके बाद करदाताओं को दोगुनी राशि चुकाना पड़ेगी। वित्तीय वर्ष के आखिरी दिनों में निगम कार्यालय के अलावा सुभाष चौक एवं अन्य स्थानों पर शिविर आयोजित रहेंगे। राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक के अनुसार, करदाताओं के स्वयं के आवासीय उपयोग वाली संपत्तियों के संपत्ति कर में 50 प्रतिशत की रियायत दी जाती है। यह रियायत चालू वित्तीय वर्ष में संपत्तिकर का भुगतान करने वालों को ही दिया जाने का प्रावधान है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि समाप्त होने के बाद संपत्ति कर का भुगतान न करने वालों को यह रियायत नहीं दी जाएगी और अगले वित्तीय वर्ष अप्रैल से शत-प्रतिशत वार्षिक भाड़ा मूल्य के आधार पर संपत्ति कर की गणना की जाकर निर्धारण किया जाएगा। इस तरह करदाताओं को दोगुनी राशि देना होगी। निगम के अनुसार, करदाताओं की सुविधा के चलते नगर निगम कार्यालय व सभी ज़ोन कार्यालय के अलावा सुभाष चौक में शिविर शनिवार-रविवार सहित अन्य अवकाश के दिनों में भी आयोजित रहेंगे।जहां संपत्तिकर, जलकर सहित अन्य कर/शुल्क जमा किए जा सकेंगे। इसके अलावा उपभोक्ता ऑनलाइन भी जमा कर सकेंगे। निगमायुक्त ने सभी करदाताओं से 31 मार्च के पूर्व निगम कार्यालय, नजदीकी शिविर स्थल अथवा टैक्स वसूलीकर्ता के पास कर जमा करने अपील की है।

## खबर संक्षेप

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण का समापन

**दमोह।** माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत उद्यमिता विकास केंद्र दमोह द्वारा व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कला एवं कंप्यूटेशनल कौशल विषय पर 11 फरवरी 2025 से 11 मार्च 2025 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चला .प्रशिक्षक आशी गर्ग एवं गणेश ठाकुर द्वारा प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम 24 मार्च को किया गया, जिसमें 34 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये .कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष्य दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विनय वर्मा ने प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण विधार्थियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा. उद्यमिता विकास केंद्र समन्वयक पी एन तिवारी ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला.कार्यक्रम का संचालन टीपीओ प्रभारी डॉ. जगदीश अहिरवार ने किया कार्यक्रम में डॉ गजेंद्र नामदेव, डॉ देवेंद्र ठाकुर, डॉ प्रकाश कुशवाहा, डॉक्टर खुदैजा मैडम अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं अधिक संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही. कार्यक्रम के अंत में आभार गणेश ठाकुर ने किया।

### चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण आज

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया कि आज 25 मार्च को सिविल अस्पताल हटा एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जटाशंकर (बीड़ी कालोनी) सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विस्तारित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक आयोजित किये गये है। जिसमें समुदाय एवं संस्था स्तर पर चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण-जांच, समुचित उपचार सेवायें स्त्री रोग विशेषज्ञ/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा दी जायेगी। इन सभी संस्थाओं में स्वास्थ्य जांच के लिए जोखिम वाली महिलाओं की सूची पूर्व से तैयार कर ली गई है। क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता द्वारा संबंधितों को विशेष स्वास्थ्य जांच परीक्षण क्लीनिक में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाने जानकारी भी दी गई है। इसी क्रम में जिला चिकित्सालय में 26 मार्च 2025 को विशेषज्ञों द्वारा हिण्डोरिया क्षेत्र के बांसा तारखेड़ा, अभाना, पालर की चिन्हित जोखिम वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जायेगी।

## जंगल के नाले पर बने स्टाप डेम में भ्रष्टाचार

# 24 लाख का स्टाप डेम पहली बारिश में ही ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

फॉरेस्ट विभाग द्वारा बनाए गए स्टाफ डेम का निर्माण कार्य पूर्ण होने से पहले ही क्षतिग्रस्त हो गया है। यह स्टाफ डेम तेजगढ़ रेंज की करनपुरा बीट के ग्राम हारट के जंगल के नाले में बनाया गया था, जिसकी लागत राशि 24 लाख 76 हजार रुपये थी। फॉरेस्ट विभाग निर्माण एजेंसी द्वारा स्टाफ डेम निर्माण कार्य में मानक मापदंडों का पालन नहीं किया गया, जिससे पहली वारिश में ही स्टाफ डेम क्षतिग्रस्त हो गया। स्टाफ डेम निर्माण कार्य में 19 लाख 25 हजार रुपये खर्च हो चुके हैं, लेकिन निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य प्रारंभ दिखाया जा रहा है।मौके पर जाकर देखने पर पता चला कि स्टाफ डेम के निर्माण में पत्थरों का उपयोग किया गया था, जिससे स्टाफ डेम क्षतिग्रस्त हो गया। यह मामला फॉरेस्ट विभाग की लापरवाही और निर्माण एजेंसी की घटिया कार्यशाली उजागर करता है जिससे भारी भ्रष्टाचार की बू आती है ग्रामीण ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए डीएफओ दमोह से मांग की गई जल संरक्षण के लिए लाखों की लागत से बनाए गए स्टॉप के घटिया निर्माण के चलते यहां एक बूंद पानी का संरक्षण नहीं हो रहा है जिसकी जांच करते हुए दोषी निर्माण एजेंसी सख्त कार्रवाई की जाए। फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी स्टॉप डेम निर्माण मामले में जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। जब हमारी टीम मौके पर पहुंची जंगली नाले पर बने स्टॉप डेम जिसका कार्य ओन गोइंग दिख रहा है लेकिन स्टॉप डेम का निर्माण जंगल की पत्थर भरकर किया गया था और निर्माण कार्य पूर्ण होने के पहले ही जमींदोज हो गया है। एक बूंद पानी का संरक्षण नहीं हुआ जिस तरह से स्टॉप डेम टूटा हुआ पड़ा जिससे प्रतीत होता है। स्टॉप डैम का निर्माण पूरी तरह शासन के नियम विरुद्ध है.पूरे मामले पर जब हमारी टीम ने वनपरिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़ नीरज पांडे से बात की तो उन्होंने स्टॉप डैम निर्माण कार्य मेरे कार्यकाल में नहीं हुआ। वही डिप्टी रेंजर चंद्र नारायण चौबे का कहना है स्टॉप डेम कार्य की जानकारी लेने पर ही कुछ कह पाएंगे। ऑनगोइंग स्टाफ डैम नि निर्माण कार्य की अगर निष्पक्षता जांच हुई तो लाखों की लागत से बने स्टॉप डेम में किया भ्रष्टाचार हुआ है ये बात खुद डैम की दुर्दशा खुद वा खुद कह रही।

## भगवान श्री राम जन्मोत्सव को लेकर हुई विशेष बैठक



**तेंदूखेड़ा।** भगवान श्री राम के जन्म उत्सव को लेकर एक विशेष बैठक नगर के श्रीराम मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुई जिसमें भगवान का जन्मोत्सव काफी हर्षोल्लास के रूप में मनाने पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओ ने कहा कि मर्यादा पुरुषोतम प्रभु श्री राम भगवान का जन्मोत्सव राम नवमी के रूप में सारे राष्ट्र में भव्यता से मनाया जाता है। हमारे नगर में भी यह परम्परा कई वर्ष से चली आ रही है, इस भव्यता पूर्ण आयोंजन के लिए श्री राम मंदिर में नगर के सनातनी भक्त मंडल एवं नगर वासियों के साथ बैठक का आयोजन हुआ जिसमें कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई। यह निर्णय हुआ की प्रत्येक वर्ष की तरह भव्य और हटके इस बार आयोजन होगा। नगर में हर घर में ध्वज एवं भगवान श्री राम के चित्र लगाए जायेंगे जिनमें केवल भगवान का कटाउट लगेगा सभी जगह साज सज्जा होगी एवं विशाल रथयात्रा का आयोजन होगा। नगर एवं तहसील के सभी रामभक्तों को इस भव्य आयोजन में जुड़ने का आग्रह किया गया। इसके साथ ही घर घर राम हर मन राम स्थापित हों यह प्रयास होगा इसके लिए अगली बैठक में और अधिक संख्या में धर्म प्रेमी बंधुओ को को बुलाया जाएगा।

## देवरा जामशा के चण्डी माता प्रांगण में हुआ गायत्री दीपयज्ञ



**हटा।** समीपवर्ती ग्राम देवरा जामशा में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रयाज कार्यक्रम अंतर्गत चंडी माता मंदिर प्रांगण में गायत्री दीपयज्ञ संपन्न हुआ। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने गायत्री महायज्ञ का तीन चरणों में निर्धारण किया है पहला चरण महायज्ञ के पूर्व किया जाने वाला प्रयाज अर्थात प्रयास , महायज्ञ को याज और उसके बाद चलने वाली गतिविधियों को अनुयाज में विभक्त किया है। महायज्ञ के प्रयाज में व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर गायत्री मंत्र, चालीसा पाठ और अनुष्ठान करने से याज का समुचित लाभ प्राप्त होता है।दीपयज्ञ में संकल्प सूत्र धारण करते हुए परिजनों ने उपासना साधना आराधना समयदान एवं अंशदान के संकल्प लिए। दीपयज्ञ सम्पन्न करवाते हुए उपजोन सहप्रभारी दिनेश दुबे ने बताया यह युग परिवर्तन का समय है इसमें यज्ञ जैसे सत्कर्म के अवलंबन द्वारा ही समाज को उज्जवल भविष्य का पथ प्रशस्त होगा। यज्ञ संयोजक नारायण सिंह पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया जयकारों एवं शांतिपाठ से दीप यज्ञ का समापन हुआ।

## ओलावृष्टि क्षेत्र घोषित करने एवं राहत राशि प्रदान करने की मांग

**दमोह।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला दमोह ने आज दिनांक 24/03/2025 को पटेरा तहसील में ओलावृष्टि से प्रभावित किसानो का व्यापक सर्वे करने , ओलावृष्टि क्षेत्र घोषित करने एवं राहत राशि प्रदान करने बावत प्रभारी तहसीलदार राजेश सोनी को ज्ञापन दिया। सम्भागीय मंत्री श्री हेमन्त पटैल ने कहा कि सर्वे पारदर्शिता से किया जाए एवं सर्वे- रिपोर्ट ग्राम पंचायत में चस्पा की जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे में किसी भी प्रकार की अनियमिताएं बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला अध्यक्ष श्रीराम पटैल ने कहा कि इस ओलावृष्टि जैसी दुःखत घटना में भारतीय किसान संघ सभी किसान भाइयों के साथ है एवं हम हर सम्भव किसान हित हेतु प्रयास कर रहे हैं। जिला उपाध्यक्ष श्री राजेश पटैल ने कहा कि उत्पादन के अनुसार बीमा/ राहत राशि प्रदान किया जाए। जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव ने कहा कि सर्वे मौके पर/ खेतों पर जाकर किया जाए एवं सभी सर्वे रिपोर्ट में जीपीएस फोटो भी लगाई जाए। ज्ञापन देने में नवल पटेल सह मीडिया प्रभारी, दुर्गा मिश्रा तहसील अध्यक्ष पटेरा, आशुतोष पटेल तहसील उपाध्यक्ष, संदीप जैन तहसील उपाध्यक्ष, आशीष पटेल तहसील मंत्री, अशोक पटेल सह मंत्री, जगदीश पटेल कादीपुर दमोह तहसील मंत्री, खेलान सिंह लोधी भरतला, बलवंत लोधी भरतला, नंदकुमार पटेल सतिरिया, बृजेश विश्वकर्मा बरखेड़ा बेस सहित किसान भाइयों की उपस्थिति रही।

## बंशीपुर ग्राम में शराबबंदी का निर्णय



**बनवार।** दमोह जिले की जनपद पंचायत जबेरा की ग्राम पंचायत बंशीपुर में पूर्ण शराबबंदी लागू करने का निर्णय एक महत्वपूर्ण कदम है जो गांव के विकास और समाज में खुशहाली को बढ़ावा देगा। इस निर्णय के अनुसार, गांव में शराब की बिक्री, उत्पादन और सेवन पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा, शराब से संबंधित किसी भी तरह की दुर्व्यवहार, लड़ाई-झगड़े, और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस निर्णय के उल्लंघन पर, दोषी व्यक्ति को 21,000 रुपये का जुर्माना देना होगा, और जुर्माना नहीं देने पर सामाजिक बहिष्कार और पुलिस कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय ग्राम पंचायत बंशीपुर के सरपंच प्रतिनिधि डाल सिंह ठाकुर द्वारा आयोजित एक बैठक में लिया गया, जिसमें भगवती मानव कल्याण संगठन के सहयोग से शराब बंदी के लिए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से भगवती मानव कल्याण संगठन के संभागीय अध्यक्ष जनपद उपाध्यक्ष डॉ सुजान सिंह भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह ग्राम सरपंच प्रतिनिधि डाल सिंह दीवान जगदेव सिंह चंदन सिंह कड़ौरी सिंह लक्ष्मण सिंह करण सिंह राजा भैया राजकुमार सिंह सहित ग्रामवासियों की उपस्थिति में अब शराब बेचने वाले लोगों ने भी ग्राम पूर्ण शराबबंदी के निर्णय का समर्थन करते हुए ग्राम में शराब नहीं बेचने का संकल्प लिया।

## शिवपुराण मानव प्रकृति को चेतना के चरम तक ले जाने का हैं सर्वोच्च साधनः पं. रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय श्री देव जानकी रमण जी बूंदाबहू मंदिर में श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि श्री शिव महापुराण मानव प्रकृति को चेतना के चरम तक ले जाने का सर्वोच्च साधन हैं, भगवान शिव के अनगिनत रूप हैं क्योंकि सारी प्रकृति को ही शिव स्वरूप माना गया है इन रूपों में ही एक है रूद्र, रुद्र का शाब्दिक अर्थ होता है रुद्र यानि दुरूखों को अंत करने वाला यही कारण है कि शिव को दुरूखों को नाश करने वाले देवता के रुप में पूजा जाता है व्यावहारिक जीवन में कोई दुरूखों को तभी भोगता है जब तन मन या कर्म किसी न किसी रूप में अपवित्र होते हैं शिव के रुद्र रूप की आराधना का महत्व यही है कि इससे व्यक्ति का चित्त पवित्र रहता है और वह ऐसे कर्म और विचारों से दूर होता है जो मन में बुरे भाव पैदा करे शास्त्रों के मुताबिक शिव ग्यारह अलग अलग रुद्र रूपों में दुरूखों का नाश करते हैं यह ग्यारह रूप एकादश रुद्र के नाम से जाने जाते हैं जानते हैं ऐसे ही ग्यारह रूद्र रूपों को शम्भू शास्त्रों के मुताबिक यह रुद्र रूप साक्षात ब्रह्म है इस रूप में ही वह जगत की रचना पालन और संहार करते हैं पिनाकी ज्ञान शक्ति रुपी चारों वेदों के के स्वरुप माने जाने वाले पिनाकी रुद्र दुरूखों का अंत करते हैं गिरीश कैलाशवासी होने से रुद्र का तीसरा रुप गिरीश कहलाता है इस रुप में रुद्र सुख और आनंद देने वाले माने गए हैं स्थाणु समाधि तप और आत्मलीन होने से रुद्र का चौथा अवतार स्थाणु कहलाता है इस रुप में पार्वती रूप शक्ति बाएं भाग में विराजित होती है भर्ग भगवान रुद्र का यह रुप बहुत तेजोमयी है इस रुप में रुद्र हर भय और पीड़ा का नाश करने वाले होते हैं भव रुद्र का भव रुप ज्ञान बल योग बल और भगवत प्रेम के रुप में सुख देने वाला माना जाता है सदाशिव रुद्र का यह स्वरुप निराकार ब्रह्मका साकार रूप माना जाता है जो सभी वैभव सुख और आनंद देने वाला माना जाता है यह रुद्र रूप अंतहीन सुख देने वाला यानि कल्याण करने वाला माना जाता है मोक्ष प्राप्ति के लिए शिव आराधना महत्वपूर्ण मानीजाती है हर इस रुप में नाग धारण करने वाले रुद्र शारीरिक मानसिक और सांसारिक दुरूखों को हर लेते हैं नाग रूपी काल पर इन का नियंत्रण होता है शर्व काल को भी काबू में रखने वाला यह रुद्र रूप शर्व कहलाता है कपाली कपाल रखने के कारण रुद्र का यह रूप कपाली कहलाता है इस रुप में ही दक्ष का दंभ नष्ट किया, किंतु प्राणीमात्र के लिए रुद्र का यही रूप समस्त सुख देने वाला माना जाता है।

## शहीद दिवस पर युवाओं ने की भारत माता की आरती



**दमोह।** देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले महान क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु के शहीदी दिवस के अवसर पर विभिन्न सामाजिक समाजसेवी धार्मिक संस्थाओं के युवाओं द्वारा स्थानीय घंटाघर पर भारत माता की आरती का आयोजन कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अभिषेक सोनी ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए अनेकों देशभक्तों ने अपने प्राण न्यौछावर किए है, शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु ने युवा अवस्था में ही मातृभूमि के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। स्वतंत्रता संग्राम में एक एक नवीन ऊर्जा दी। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आयोजन में अभिषेक सोनी, विक्रम साहू, बंधन रजक, तरुण कोरी, अखिलेश सिंह ठाकुर श्रवण पाठक, राम मिश्रा, अमित सैनी, देवल कोरी, शुभम नामदेव, सत्यम रजक, विधान पारासर, सत्यम सिकरवार, रिंकू गोस्वामी, अनुराग यादव सहित विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारत रक्षा मंच, जागरूक युवा संघ, हिंदू जागरण मंच के सदस्य उपस्थित रहें।

## वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने बनाये जा रहे हौज

### वन्य प्राणी अभी तो प्राकृतिक जल स्त्रोतों से ही पी रहे हैं पानी

**तेन्दूखेड़ा।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में गर्मी को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही जलसंकट की आशंका स्थिति से निपटने के लिए टाइगर रिजर्व में हौज तैयार किए जा रहे हैं। वहीं गर्मी में आग की घटनाओं की रोकथाम के लिए भी फायर लाइन व फायर वाच तैयार किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक वर्तमान में तो बाघ, तेंदुआ, नीलगाय, भालू, चिंकारा, काला हिरण जैसे वन्य जीव प्राकृतिक जल स्त्रोतों के पानी से गला तर कर रहे हैं लेकिन अप्रैल के बाद इन प्राकृतिक जलस्त्रोतों में सूखने की औषांका बनी रहती है इसीलिए वन्य जीवों को पानी के लिए होज बनाए जा रहे हैं। ये हौज जमीन की मिट्टी खोदकर सीमेंट कांक्रीट से तैयार कराए जा रहे हैं। टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर एए अंसारी का कहना है कि वन्य जीवों को गर्मी में पानी के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। जंगल में पहले से 30 सीमेंट हौज बने हैं। इस साल अलग-अलग रेंज में 10 और बनाए जा रहे हैं। इनमें रात के समय पानी भरा जाएगा ताकि पानी ठंडा बना रहे। हर दो दिन में हौज में पानी भरने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हौज को इस तरह से बनाया जा रहा है कि उसमें वन्य जीव आसानी से अंदर-बाहर आज जा सकें।

### 120 फायर वाचर रखेंगे आग पर नजर

गर्मी में अक्सर जंगल में आग लगती है। आग बढ़ने पर इसे बुझाना कठिन हो जाता है। पिछले सालों की घटनाओं से सबक लेते हुए वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में इस बार आग पर काबू पाने और रोकथाम को लेकर बड़े स्तर पर प्लानिंग की गई है। समय रहते आग बुझाने और आग लगने से रोकने के लिए 120 फायर वाचर काम करेंगे। इसके अलावा अग्निशामक यंत्र, पानी के टैंकर, फर्स्ट एड बाक्स के साथ बीट स्तर पर अलग-अलग टीमें काम करेंगी।

### जनसुनवाई आज

**दमोह।** मंगलवार 25 मार्च को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन विभिन्न वर्गों की छात्रवृत्ति योजनाओं से संबंधित विशेष जनसुनवाई की जाएगी। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिले के ऐसे छात्र छात्राएं जिनको छात्रवृत्ति योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है अथवा भुगतान नहीं हो रहा है, वह विशेष जनसुनवाई में अपनी प्रोफाइल आईडी अथवा ऑनलाइन आवेदन फॉर्म की प्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं। विशेष जनसुनवाई के साथ ही सामान्य जनसुनवाई भी की जाएगी।

## सिविल अस्पताल में पति-पत्नि के साथ कर दी साइकिल स्टेन्ड पर मारपीट



### आए दिन आ रही सिविल अस्पताल में संचालित स्टेंड की कारगुजारियां

**हटा।** नगर के सिविल अस्पताल में बीते कुछ महिनों से साईकिल स्टेंड बनाया गया जहां यहां आने जानें वाले लोगो से स्टेंड का शुल्क लिया जाता है वही सोमवार के दिन मडियादो पुरैना खेड़ा निवासी सोनू अपनी पत्नि लक्ष्मी आदिवासी व दो बच्चो को लेकर इलाज के लिए वाइक से सिविल अस्पताल आया था जहां साइकिल स्टेंड को संभाल रहे एक व्यक्ति द्वारा महिला लक्ष्मी आदिवासी से मारपीट कर दी एवं उसके पति के साथ भी मारपीट कर उसका मोबाइल तोड़ दिया।वहीं पीड़ित द्वारा सिविल अस्पताल में अपनी बाइक का स्टेन्ड शुल्क देकर पर्ची भी ली गई थी उसके बाद भी उनके साथ मारपीट की गई वही पीड़ित पति-पत्नि पुलिस थाना में इसकी शिकायत करने पहुंचे थे जिसके उपरांत पुलिस द्वारा स्टेंड संचालित करनें वाले संचालक सहित काम करनें वालो को बुलाया गया जहां पीड़ित महिला व उसके पति द्वारा सबके सामने मारपीट के आरोप लगाए वही साइकिल स्टेंड पर काम करनें वाले लोगो द्वारा महिला एवं उसके पति को समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। पीड़ित महिला द्वारा पुलिस थाना में लिखित शिकायती आवेदन दिया गया तो दूसरी ओर मारपीट करनें वालो द्वारा महिला व उसके पति के खिलाफ पुलिस थाना में आवेदन दिया गया।अब देखना यह है कि आवेदन लेनें के बाद पुलिस क्या कार्यवाही करती है।

## 24 व 25 मार्च को गर्भ गृह के बाहर से होंगे भगवान भोलेनाथ के दर्शन

**दमोह।** जिलें के श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में श्री महादेव जी की पुरानी जलहरी के स्थान पर नई जलहरी की स्थापना की जा रही है, जिससे दिनांक 24 एवं 25 मार्च को भगवान भोलेनाथ जागेश्वर के दर्शनो हेतु सभी भक्तों को बाहर से दर्शन होंगे, गर्भ ग्रह में प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी. मंदिर ट्रस्ट के अनुराग श्रीवास्तव ने बताया भगवान भोलेनाथ की जलहरी पुरानी हो गई है जिससे उनके स्थान कि जलहरी को पुनः नवीन जलहरी की स्थापना की जा रही है, जिससे भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए गर्भ गृह से दर्शन ना होकर बाहर से ही 24 और 25 मार्च को दर्शन किये जायेंगे।

## आदर्श प्रजापति समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

# समाज में राजनीति नहीं करनी चाहिएः ठाकुरदास प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



आदर्श प्रजापति समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र बर्दिया के तत्वावधान में दमोह नगर के प्रसिद्ध स्थल बड़ी देवी मंदिर प्रांगण में समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री ठाकुरदास प्रजापति के मुख्य आतिथ्य में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें समूचे जिले के बर्दिया प्रजापति समाज के लोगों की उपस्थिति रही। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ठाकुरदास प्रजापति ने कहा कि समाज में राजनीति नहीं करना चाहिए हमेशा समाज के लोगों के बीच रहकर समाज सेवा करनी चाहिए उन्होंने आगे कहा कि सभी को समाज के वरिष्ठ बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि जिस समाज में वरिष्ठों का सम्मान नहीं होता उस समाज में कभी विकास नहीं हो सकता। इसलिए बच्चों का भी यह दायित्व हैं कि, वे हमेशा अपने माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करें एवं उनकी सेवा करें वो लोग बहुत ही सौभाग्यशाली होते हैं, जिन्हें अपने माता-पिता और बडे. बुजुर्गों की सेवा करने का मौका मिलता है। हमारे समाज में महिलाओं के लिए अभी कुछ करना बाकी है हमें एक ऐसा समाज बनाना है जहां हर महिलाओं को अपनी पहचान बनाने का मौका मिले हम सभी का कर्तव्य है कि हम महिलाओं को उनके अधिकारों से अवगत कराये और समाज में उनके योगदान को सम्मानित करें। एक मजबूत और प्रगति करने वाला समाज वही है जहां पुरुष और महिलाएं दोनों को समान अवसर सम्मान और सुरक्षा मिलती है। इसके पूर्व हटा ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम प्रजापति ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए सामाजिक एकता की जरूरत है। समाज की एकता ही हमारी ताकत है। होली मिलन जैसे कार्यक्रमों से आपसी प्रेम बढ़ता है। समाज में इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए। जिससे सभी लोग सामाजिक मंच पर एकत्रित हो सके। इसके उपरांत बेगमगंज के अध्यक्ष नंदकिशोर प्रजापति ने कहां कि हम सभी को अंगूर के गुच्छे की तरह एकत्रित होकर रहना होगा क्योंकि टूटे हुए एक फल की कोई कीमत नहीं होती। संगठित समाज की ही हर राजनीतिक दल में अहम भागीदारी होती है। उन्होंने आगे कहा कि हम जहां खड़े हैं वहां से हमें और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है हम शिक्षित हो तभी हम कुछ कर सकते हैं एक कहावत है कि जिसका सर किताबों में झुका रहेगा तो आगे उसका सर सम्मान से उठा रहेगा। कार्यक्रम के अंत में समाज बंधुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी इस दौरान सोहार्द और उमंग का वातावरण दिखाई दिया इसके उपरांत जिला अध्यक्ष राजेंद्र बाबू के तत्वावधान में दाल-बाटी सहभोज का आयोजन रखा गया जिसका सभी स्वजातीय बंधुओं ने भरपूर लुत्फ उठाया। होली मिलन समारोह के दौरान संभागीय अध्यक्ष मूलचंद प्रजापति, भोपाल से हनुमान प्रसाद बर्दिया, हीरालाल, दमोह से हरलाल जी वेद्य, उमाशंकर बर्दिया,गणेश प्रजापति, सुरेंद्र बर्दिया, सुखदेव वकील, मुकेश प्रजापति बटियागढ़, बद्री, बिहारी, माधव, आचार्य घनश्याम, रामगोपाल राजू, प्रजापति हटा, दशरथ उर्फ लंकेश नरसिंहगढ़, रतिराम खेजरा, कार्तिक, दीपक बर्दिया दमोह सहित सैकड़ो की संख्या में समाज की महिला पुरुष ऑन युवाओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### प्रभावित गांव में फसल कटाई का प्रयोग कराया

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गए निर्देशों के तहत जिले में ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों में सर्वे कार्य किया जा रहा हैं। इस सबंध में एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम ने बताया पटेरा क्षेत्र में ओलावृष्टि के बाद से लगातार राजस्व अधिकारी और अमला खेतो में किसानों के बीच पंहुचकर सर्वे कार्य मे जुटा हुआ है। एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम, तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, तहसीलदार राजेश सोनी ने कृषि विभाग के साथ ओलावृष्टि प्रभावित गांव में फसल कटाई का प्रयोग कराया, सर्वे आंकलन कार्य भी किया गया।

### अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाईक सवार घायल

**तेंदूखेड़ा।** ग्राम खेरा में शाम 7: 30 बजे पाटन से हथनी पिपरिया अपनी वाईक से जा रहे चंद लाल पिता सूरत अहिरवार 30 वर्ष निवासी पाटन को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारकर मौके से भाग गया। इसी दौरान वारंट की तामील करने जा रहे आरक्षक नीरज नामदेव एवं रणजीत राणा रूक कर तेंजगढ की ओर से आ रहे 108 वाहन को रोकर घायल को इलाज के लिए तुरंत ही तेंदूखेड़ा सामुदायिक केंद्र में भेजा गया है जिस का इलाज किया जा रहा है। तेंदूखेड़ा पुलिस ने अस्पताल की सूचना पर मामले की जांच कर रही है।

### बैठक आज

**दमोह।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दमोह के संयुक्त तत्वाधान में 27 मार्च से लेकर 31 मार्च 2025 तक स्थानीय एमएलबी स्कूल में 05 दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी संबंधितों से कहा है पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले के आयोजन पूर्व तैयारी हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर स्थित सभाकक्ष मेंआज 25 मार्च को प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक आयोजित की गई है।

### शांति समिति की बैठक संपन्न, अधिकारियों को दिये अहम दिशा-निर्देश

# सभी पर्वो को शांतिपूर्ण रूप से मनायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मार्च से लेकर 30 अप्रैल तक लगभग एक महीना पूरा त्योहारों का है, जिसमें सभी धर्मों के बड़े बड़े त्यौहार आ रहे हैं, ईद से लेकर के रामनवमीं तक और गुड फ्राइडे से लेकर बैसाखी तक और हनुमान जयंती से लेकर महावीर जयंती तक, चैती चांद, सारे त्यौहार इस अवधि में है। उसी को लेकर के आज शांति समिति की बैठक में सभी सदस्यों द्वारा बहुत महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए, उन सुझावों को नोट किया गया है। यह बात आज कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक में कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम एवं शांति समिति के सम्मानीय सदस्यगण मौजूद थे।

जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा त्यौहार में अच्छी व्यवस्थाएं दी जाए तो लोगों को खुशी मिलती है, कल से एसडीएम सभी संबंधित अधिकारियों से साथ एक बार प्रमुख रास्तों को जा करके देखेगें और जो पॉइंट बताये गए है, उनमें अगले एक हफ्ते में क्या क्या काम किये जाने है, उसको चिन्हित करके काम शुरू किये जायेंगे। प्रयास होगा की सारे त्यौहार शांति और सद्भाव के साथ तो मने ही मने, साथ में सुविधा भी पूरी रहे, किसी प्रकार की श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना ना करना पड़े, इसी का प्रयास किया जायेगा और उसको सुनिश्चित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा आज शांति समिति की बैठक का दूसरा पाठ सम्पन्न हुआ है। आने वाले 30 दिनों में नवरात्र से लेकर और जितने भी विशेष त्यौहार पड़ रहे हैं, उनके संबंध में चर्चा का विषय लगभग सभी सदस्यों ने अपने अपने पक्ष रखे हैं, इसमें सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी कुछ विषय पुलिस की तरफ से देखे गए, हम लोग इसमें अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग दिन के हिसाब से व्यवस्था लगा रहे हैं। नवरात्र के 9 दिन में सुबह अर्ली मॉर्निंग से लेके, शाम तक महिलाएं और बच्चियां मंदिरों में जाती है, तो उनके लिए अलग से शक्ति मोबाइल की व्यवस्था रखी जायेगी और कंट्रोल रूम का नंबर पहले भी उपलब्ध करा रखा हैं, कही पर कोई दिक्कत आती हैं तो कंट्रोल रूम को सूचना दी जा सकती हैं। इसके अलावा तमाम सुरक्षा की जहाँ जहाँ पर जरूरत होगी वह करवाई जायेगी । हर बार की तरह यही प्रयास रहेगा की शांतिपूर्वक सारे त्योहारों को मनाया जाये और जितनी भी अच्छी से अच्छी सुविधाएं दे सकते है वो दी जाए। बैठक में समिति सदस्यों ने भी त्यौहारों से संबंधित अपने-अपने विचार रखे, जिस पर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिये गये।

# जबलपुर ग्वालियर के मध्य होगा फाइनल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हॉकी मध्य प्रदेश के तत्वावधान मे खेली जा रही अस्मिता महिला हॉकी लीग के सातवे दिन दो सेमीफाइनल मैच खेले गये। रोमांचक मैच ग्वालियर गुना के बीच उतार चढाव रहा। पहले हाफ मे गुना के गोल कीपर ने शानदार प्रदर्शन कर ग्वालियर के प्रयासो को विफल किया। दूसरे हाफ मे सुनियोजित रूप से आक्रमण कर गोल करने मे सफलता प्राप्त की। गुना ने पलटवार कर गोल कर बराबरी की। अंतिम क्वार्टर मे ग्वालियर ने शानदार प्रदर्शन कर दो गोल कर मैच अपने पक्ष मे कर लिया। दूसरा मैच जबलपुर मंदसौर के बीच हुआ मैच के अतिथि पुलिस अधीक्षक महोदय पूर्व विधायक अजय टडन, हॉकी महासचिव लोकबहादुर डी एल गोर, जगेनदर तोमर, सेफ उल्ला, खेल अधिकारी डा गुप्ता, राजू अग्रवाल, आर आर खुशाल से कराया। अतिथियो का स्वागत हरिशंकर यादव राजेश सालोमन विजय ठाकुर राजकुमार विकास जैन तन्मय असार विवियन इमरान शैलेन्द्र एरिक अरमान ने किया। उतार-चढ़ाव भरे मैच मे मंदसौर ने गोल कर बढत बनाई खेल दूसरे क्वार्टर मे जबलपुर ने शानदार खेल कर गोल कर बराबरी की कुछ समय बाद फिर आक्रमण कर गोल कर बढत बनाई। दो गोल वंदना सानिया पूनम अन्नू ने एक-एक गोल किये। मंदसौर ने आखरी क्वार्टर मे एक गोल कर जबलपुर की बढत को कम किया। जबलपुर ग्वालियर के मध्य फाइनल मैच होगा। असार विकास जैन ने हॉकी प्रमियो की उपस्थिती की अपील की है।

## खेत की नरवाई में आग लगाने पर जांच करने पहुंची टीम

हटा। विगत रविवार की रात्रि मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पांजी में एक किसान द्वारा अपने खेत की फसल काटने के उपरांत नरवाई में आग लगाए जाने की घटना को लेकर हरिभूमि में समाचार प्रकाशित किया गया था जिसे संज्ञान में लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में तहसीलदार हटा की मार्गदर्शन में कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को मौके पर पहुंचकर जांच की गई। दरअसल रविवार की रात्रि विनती और पांजी गांव के बीच में कटी फसल की नरवाई में आग लगाई गई थी जिससे भीषण आग के विकराल रूप से आसपास के खेतों में गेहूं की फसल में आग लगने की आशंका जताई जा रही थी लेकिन किसने की सूझबूझ के चलते आज को तुरंत बुझाने का प्रयास किया गया जिससे बड़ी अनहोनी होने से टल गई। जहां प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाने की बावजूद भी किसान द्वारा नरवाई में आग लगाई गई थी जिससे हल्क की पटवारी आशुतोष श्रीवास्तव, कृषि विस्तार अधिकारी शिवम दुबे ने ग्राम कोटवार के साथ खेत पर पहुंचकर देखा जहां गांव के दशरथ पटेल का खेत बताया गया जिसमें गांव के ही गोविंद रजक के द्वारा नरवाई में आग लगाई गई थी जहां टीम द्वारा ग्राम के किसानों की मौजूदगी में प्रतिवेदन तैयार किया गया और आवश्यक कार्यवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा गया। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद नरवाई जलाने में क्या कार्यवाही की जाती है।

## कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने दमोह शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम स्वाध्यायी विद्यार्थियों हेतु बनाए गए परीक्षा केंद्र के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में चल रही परीक्षाओं संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राध्यक्ष को निर्देशित किया कि किसी एक अधिकारी को कंट्रोल रूम में बनाए गए कैमरा कक्ष में पूरे 3 घंटे तक बैठाकर कक्षाओं की मॉनिटरिंग कराएं। परीक्षा केंद्र में स्वाध्यायी परीक्षार्थी बैठ रहे हैं, अतः सभी का फोटो से मिलान अनिवार्य रूप से किया जाये। सभी कक्षों का निरीक्षण करने उपरांत कलेक्टर श्री कोचर ने परीक्षा के स्तर पर संतोष व्यक्त किया। तत्पश्चात कलेक्टर श्री कोचर ने नव जागृति उच्चतर माध्यमिक स्कूल एवं मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रही परीक्षाओं का भी जायजा लिया सभी जगह परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित देखी गई।

## विधायक उमादेवी खटीक विवि के न्यायपीठ की सदस्य नियुक्त

**दमोह।** मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के तहत राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों की न्यायपीठ (कोर्ट) के सदस्यों की नियुक्ति की गई है। इसी क्रम में जिले की हटा विधानसभा क्षेत्र से विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक को रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर की न्यायपीठ (कोर्ट) का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों एवं शैक्षणिक नीति-निर्धारण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।



श्रीमती उमादेवी खटीक विधायक हटा जिला दमोह की नियुक्ति से विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। ज्ञात हो कि राज्य के प्रत्येक विश्वविद्यालय के कोर्ट में कुल आठ सदस्य होते हैं, जिनका चयन विधानसभा भोपाल द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत किया जाता है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पटैल ने टी.बी. मुक्त 41 ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

**दमोह।** प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय नि-क्षय अभियान के सफल समापन पर टी.बी. मुक्त पंचायतों का सम्मान समारोह जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति रंजीता गौरव पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह में 41 ग्राम पंचायत के सरपंच को टी.बी. मुक्त उपलब्धि के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा और प्रमाण-पत्र देकर श्रीमति पटेल ने सम्मानित किया। इस सम्मान समारोह में 100 दिवसीय नि-क्षय अभियान के तहत टी.बी. रोगियों को गोद लेकर पोषण सहायता प्रदान कर टी.बी. मुक्त भारत में सहभागी बने नि-क्षय मित्रों व अभियान दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं सीएचओ, एएनएम, लैब टैक्नीशियन, आशा कार्यकर्ता एवं क्षय इकाई के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि ग्राम पंचायतें जो टी.बी. से मुक्त हो चुकी है, प्रयास करें कि वे टी.बी. मुक्त बनी रहें। क्षेत्र अंतर्गत टी.बी. के संभावित लक्षणों के बारे में आमजनों में जागरूकता बनाये रखें। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने टी.बी. मुक्त 41 ग्राम पंचायतों की सराहना करते हुए सजग रहकर यथा स्थिति बनायें रखने की बात कही। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी किशुन लाल हुरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश जैन एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. गौरव जैन विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जैन ने कहा कि 7 दिसम्बर से 100 दिवसीय नि-क्षय अभियान में 430 नि-क्षय मित्रों ने टी.बी. रोगियों को गोद लेकर पोषण सहायता प्रदान कर अमूल्य योगदान दिया है। टी.बी. मुक्त दमोह बनाने के लिए टी.बी. संवेदनशील क्षेत्रों में एकजुटता के साथ सतत रूप से संयुक्त प्रयास जारी रखे जायें। सीएमएचओ डॉ.जैन ने बताया टी.बी. मुक्त 41 ग्राम पंचायतों में 4 पंचायतों को 2 वर्ष तक टी.बी. मुक्त स्थिति बनाये रखने के लिए ग्राम पंचायत झागर, खौजाखेड़ी, केरबना एवं डिगसर पंचायत के सरपंच को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की चांदी की प्रतिमा से सम्मानित किया गया। टी.बी. मुक्त होने की प्रथम वर्ष की उपलब्धि के लिए 37 पंचायतों को कांस्य प्रतिमा से सम्मानित किया गया। जिसमें सर्वाधिक विकासखंड जबेरा की 13 पंचायतें, बटियागढ की 11, तेन्दूखेड़ा, हटा, पटेरा की 03-03 एवं विकासखंड पथरिया, दमोह की 02-02 पंचायतें, शामिल है। देश में सर्वाधिक टी.बी. से प्रभावित 347 जिलों में प्रदेश के 23 जिले में शामिल दमोह में टी.बी. को खत्म करने के लिए 100 दिवसीय नि-क्षय अभियान 7 दिसम्बर से चलाया गया।

## अनेक व्यापारी बेच रहे हैं एक्सपायरी डेट का सामान, खाद्य विभाग नहीं करता जांच

**तेंदूखेड़ा।** नगर एवं क्षेत्र मे किराना दुकानों पर एक्सपायरी डेट के सामान भारी संख्या में उपलब्ध हैं इस गर्मी में धड़ल्ले से बिक रहे हैं सोमवार को नगर के जबलपुर मार्ग एवं तारादेही मार्ग पर कुछ एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री किन्हीं अज्ञात लोगों द्वारा सड़क पर फेंक दी गई है। लोगों के दिमाग में इसका कारण समझ में नहीं आया सुबह आने जाने वालों ने ऐसी एक्सपायरी डेट की सामग्री को सड़क पर देखा है और इसकी जानकारी मीडिया को दी नगर की अनेक व्यापारी तो इन एक्सपायरी डेट की सामग्री को लोगों थमा रहे हैं। नगर एवं क्षेत्र में एक्सपायरी डेट का सामान बिकने का सबसे बड़ा कारण यह है कि नगर एवं आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणजन पढ़े लिखे ना होने के कारण इन सामानों पर लिखी एक्सपायरी डेट को नहीं देखते और दुकानदार इन भोले भाले लोगों को एक्सपायरी डेट का सामान थमा देते हैं। जिसके उपयोग करने के कारण कारण लोगों का स्वास्थ्य तो खराब हो ही रहा है साथ ही साथ लोगों की सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है।



### व्यापारी पैकेट फेक रहे

नगर के कुछ व्यापारी जिनके दुकान में बड़ी तादात में खाने की चीजों के पैकेट स्टॉक में रखते है वह खाने के पैकेटों के एक्सपायरी डेट होने के बाद बेचते रहते है जब कोई जागरूक ग्राहक पैकेट की एक्सपायरी डेट देख लेता है और दुकानदार से शिकायत करता है और दुकानदार के खिलाफ शिकायत की धमकी देता हे तो दुकानदार भोले बनकर उस खाने के पैकेटों को नष्ट न कर सड़क पर ही फेक देते है। ग्रामीण और नासमझ बच्चे उन पैकेटों को उठाकर ले जाते है और खा लेते है जिससे कभी कभी बच्चे और ग्रामीण गंभीर रूप से बीमार होकर फूड पॉइजनिंग के शिकार हो जाते है। वैसे ही क्षेत्र में अच्छे डाक्टरों की कमी है जिससे गंभीर बीमारी में जबलपुर जाना पड़ता है ऐसे व्यापारी और दुकानदारों पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाना चाहिए जिससे दुकानदार इस प्रकार की निंदनीय कृत्य न करे।

### एक्सपायरी डेट का सामान सस्ते दामों में लाकर बेचते हैं व्यापारी

नगर के कुछ व्यापारी एक्सपायरी डेट का सामान सस्ते दामों में लाकर भोले गरीब लोगों को थमा रहे हैं। सस्ते दामों में लाकर यहां प्रिंट रेट पर बेचकर अच्छा खासा मुनाफा भी कमा रहे हैं साथ ही पैकेटो पर अंकित दिनांकों को हटाया जा रहा है। व्यापारियों को इससे कोई सरोकार नहीं है कि उनकी इस हरकत से ग्राहकों के स्वास्थ्य इसका क्या प्रभाव पड़ेगा दुकानदार ग्राहकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। पेकबंद सामान पर अंकित तिथि पर सफेदा लगाकर या फिर उसे मिटाकर बेच रहे है। जिला के खाद्य विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं कुछ लोगों ने बताया कि खाद्य विभाग के अधिकारीयो का दुकानदारों से महीना बंधा हुआ है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है अनेकों बार व्यापारियों के द्वारा एक्सपायरी डेट की समान ग्राहकों में थमा दिए और दमोह से आने वाले खाद्य अधिकारी खाना पूर्ति कर चले जाते हैं।

### इनका कहना है

इस समय में एसडीएम सौरव गंधर्व का कहना है कि मुझे भी एक दुकानदार द्वारा एक्सपायरी डेट का सामान थमा दिया गया था जिसके बाद मेरे द्वारा दुकान का निरीक्षण किया गया। काफी संख्या में एक्सपायरी सामान मिला था इसके बाद 1 लाख रुपयो का जुर्माना लगाया गया था एक्सपायरी डेट का सामान यदि नगर एवं क्षेत्र में बिक रहा है तो मेरे द्वारा टीम बनाकर दुकानों की जांच कराई जाएगी।

## अखण्ड दुर्गा चालीसा का पाठ का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिनौताकलां

ग्राम के बस स्टेण्ड स्थित श्रीराम मार्केट में रत्नेश पटेल बिजवार के नवीन प्रतिष्ठान महाकाल मोबाईल एण्ड इलेक्ट्रीकल्स के शुभारंभ अवसर पर भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों एवं हिनौता ग्रामीणजनों द्वारा 5 घण्टे का संगीतमय अखण्ड दुर्गा चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें मार्केट के संचालक हर्ष वर्धन पटेल, संगठन के ब्लाक अध्यक्ष राजेश सेन, प्रवीण प्रजापति, हरवेन्द्र सिंह लोधी (रोजगार सहायक), विमल पटेल, बैजनाथ जोशी, शिवम पटेल पिपरिया, सतीश पटेल, बजरंग होटल के संचालक राजा चौहान, श्रीकांत पटेल, सुनील पटेल पिपरिया, रेवाराम पोटे सेन, गोकल सेन, पिन्नी वर्मन, नीरज जोशी, लोकेन्द्र अहिरवार, कमलेश कुशवाहा सहित अनेक लोगों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर धर्मलाभ उठाया। कार्यक्रम के अंत में मां की आरती सम्पन्न हुई और प्रसाद वितरण किया गया।

## वन परिक्षेत्र कार्यालय की पुरानी बिल्डिंग में निकला 5 फीट लंबा ब्लैक कोबरा, सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**तेंदूखेड़ा।** रविवार को शाम पांच बजे तारादेही वन परिक्षेत्र में जहरीला सर्प कार्यालय की पुरानी बिल्डिंग के शौचालय में बैठा हुआ था जिसे कर्मचारियों ने देखा इसके बाद वहां अफरा तफरी के हालात बन गए। कर्मचारियों द्वारा इसकी सूचना वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर को दी जहां तत्काल ही सर्प पकड़ने वाली टीम को इसकी सूचना दी गई जिसके बाद टाइगर रिजर्व से तारादेही पहुंची टीम ने जहरीले सर्प को पकड़कर उसे सुरक्षित नौरादेही अभ्यारण्य के जंगल में छोड़ा गया टाइगर रिजर्व से सांप को पकड़ने पहुंचे टाइगर रिजर्व के सुरक्षा श्रमिक कैलाश पटेल और मोहन पटेल ने बताया कि पकड़ा गया सांप ब्लैक कोबरा सांप है जो एक जहरीला प्रजाति का है। पुरानी बिल्डिंग में बने शौचालय में सांप कुड़ी मारकर पानी की ठंडक में दीवार से सटकर बैठा हुआ था। जहां कुत्ते सांप को भौंक रहे थे जहां कुत्तों की आवाज सुनकर वन विभाग के कर्मचारी भी वही वहां पहुंचे तो उन्होंने जैसे ही 5 फीट लंबा ब्लैक कोबरा सांप को देखकर दहशत में आ गए और सभी अधिकारी कर्मचारी बिल्डिंग छोड़कर बाहर निकल आए और इसकी सूचना टाइगर रिजर्व की टीम को दी जब तक सांप को पकड़ने के लिए टीम नहीं पहुंच गई सांप पर नजर बनाए रखें रहे। आधा घंटे में सर्रा से टीम तारादेही पहुंची और सांप को पकड़ने के प्रयास किए गए। जहां सर्प को पकड़ने टाइगर रिजर्व से पहुंची टीम में कैलाश पटेल और मोहन पटेल ने सांप को देखा तो सांप ने फन फैलाकर फुफकारने लगा जिसके बाद टीम ने कड़ी मशक्कत करने के बाद ब्लैक कोबरा सांप को पकड़कर टाइगर रिजर्व के जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया जहां रेंज परिसर के कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि आज रविवार था तो ज्यादा स्टाफ नहीं था नहीं तो हादसा हो सकता था वहीं जानकारी के मुताबिक ब्लैक कोबरा सांप काफी जहरीला होता है अगर किसी को काट लेता तो उसकी मौके पर ही जान भी जा सकती थी। रेंज परिसर में सांप निकलने खबर लोगों की लगी तो सांप को देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई।



## गैसाबाद बस स्टैंड पर टॉयलेट नहीं होने से यात्रियों को होती है असुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

ग्राम गैसाबाद कहने के लिए तो एक बड़ा कस्बा है, ग्राम के बस स्टैंड पर इंदौर भोपाल सागर जबलपुर दमोह पन्ना सतना इलाहाबाद आदि शहरों के लिए आने जाने को प्रतिदिन दर्जनों बसो का यहां से आना जाना होता है , ग्राम गैसाबाद से आसपास के कई गांव जुड़े होने के कारण लोगों का आना-जाना भी बना रहता है ग्राम में प्रति मंगलवार को हॉट बाजार भी लगता है जिसमें आसपास के क्षेत्रीय लोग हॉट बाजार करने को गांव में आते हैं , लेकिन बस स्टैंड पर टॉयलेट नहीं होने से यात्रियों को एवं क्षेत्रीय लोगों को भारी परेशानी होती है पुरुष वर्ग तो फिर भी जैसे तैसे इधर-उधर खड़े होकर बाथरूम कर लेते हैं लेकिन महिला वर्ग को बहुत परेशानी हो रही है टॉयलेट नहीं होने से महिलाओं को बस स्टैंड से दूर कहीं एकांत में जाना पड़ता है जिससे उन्हें आसुविधा होती है, बस स्टैंड के दुकानदारों को भी टॉयलेट नहीं होने से बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है, गौरतलब है कि हरदौल बाबा के पास एक पुराना टॉयलेट बना हुआ था जिसका यात्रीगण प्रयोग कर लेते थे, लेकिन ग्राम के ही कुछ लोगों ने उस टॉयलेट को भी गिरा कर मैदान कर दिया जिससे अब लोगों को परेशानी होने लगी है, ग्रामीण जनों ने हरिभूमि को बताया कि बस स्टैंड के लिए सुलभ शौचालय बनाए जाने के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी थी लेकिन बस स्टैंड पर पर्याप्त जगह नहीं मिलने के कारण वह शौचालय ग्राम पंचायत कार्यालय के पास हॉट बाजार में शिफ्ट कर दिया गया था, ग्रामीण जनों ने शासन प्रशासन से ग्राम के बस स्टैंड पर एक सुलभ शौचालय का निर्माण कराए जाने की मांग की है,

### इनका कहना है

बस स्टैंड पर सुलभ शौचालय का निर्माण कराए जाने का प्रस्ताव पंचायत में डाला गया है शीघ्र ही सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जाएगा

*विनोद अहिरवार, सरपंच प्रतिनिधि ग्रा पं गैसाबाद*

**नाम सुधार सूचना**

(1) समक्ष :- श्रीमान नोटरी पब्लिक आफीसर महोदय, दमोह (2) प्रस्तुत करने वास्ते :- श्रीमान प्राचार्य महोदय, वन्डर किड स्कूल, दमोह

मैं प्रीति चौबे आयु 35 वर्ष पुत्री श्री जे.के. चौबे निवासी- ए-16 द्वारकापुरी सेंट्रल स्कूल के सामने, दमोह तहसील व जिला दमोह (म.प्र.) शपथ पूर्वक कथन करती हू कि आपके स्कूल में मेरी पुत्री आराध्या राजपूत पुत्री श्री प्रमोद सिंह राजपूत के नाम से अध्ययनरत है। यह कि मेरे पति श्री प्रमोद सिंह राजपूत से मेरा तलाक हो गया है और अब मैंने अपनी पुत्री का नाम आराध्या राजपूत की जगह शाम्भवी चौबे रख दिया है, जिसकी जन्मतिथि पूर्व में 11/04/2017 थी जो वर्तमान में 25/03/2017 है। जिसे अब शाम्भवी चौबे के नाम से ही जाना पहचाना और लिखा जाता है । यह कि आपके स्कूल में मेरी पुत्री का नाम आराध्या राजपूत की जगह, शाम्भवी चौबे लिखा जावे, इस वास्ते मैं यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हू ।

शपथकर्ती:- प्रीति चौबे